# विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में पीलीभीत के बाघ की फोटो को मिला पुरस्कार

## ग्लोबल बिग कैट्स फोटोग्राफी में उत्तर प्रदेश का बेहतर प्रदर्शन

**लखनऊ।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, बिग कैट्स एलायंस और उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की ओर से दिल्ली में फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। ग्लोबल बिग कैट्स फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विभिन्न देशों से लगभग 1400 फोटो आए थे। इसमें 70 से अधिक उत्तर प्रदेश की थी। इसमें से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ की फोटो ने पुरस्कार जीता है।

फोटोग्राफर जीतेंद्र चावरे को पुरस्कार के रूप में नकद राशि और दुधवा स्थित जागीर मनर में चार दिन और तीन रात रुकने का अवसर मिलेगा। वन्य जीव सप्ताह के अंतिम दिन बुधवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने एआर-वीआर तकनीकी के माध्यम से दुधवा टाइगर रिजर्व और पीलीभीत टाइगर रिजर्व का वर्चुअल भ्रमण भी किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के अपर निदेशक प्रखर मिश्रा आदि उपस्थित थे। ब्यूरो